हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 | अंक : 121 | जौनपुर, शनिवार 27 जनवरी 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य : 2 रूपया

# 2024 में भी बड़े बहुमत के साथ बनेगी मोदी सरकार : मुख्यमंत्री योगी



एजेन्सी

बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने बुलंदशहर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री को भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं, ओडीओपी के अंतर्गत राम मंदिर के उकेरे गए चित्र वाली खुर्जा की सेरेमिक ट्रे भी भेंट की। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों 500 वर्षों के इंतजार को समाप्त करके अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के भव्य मंदिर का उद्घाटन और श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत पहला दौरा भी उत्तर प्रदेश की धरती बलुंदशहर में हो रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री का आशीर्वाद और सानिध्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तीन दिन पहले अयोध्या का अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय कार्यक्रम भारतवासियों और पूरी दुनिया ने देखा है। इस अद्भुत और अविस्मरणीय कार्यक्रम के बाद आज बुलंदशहर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। आज पौष पूर्णिमा भी है और इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के हाथों 21 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उपहार भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कोई सोचता था कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होगा। पहले तो मीटर गेज को ब्रॉड गेज करने में ही दिक्कत होती थी, पैसा ही नहीं मिलता था। आज चौथी रेलवे लाइन का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री करने जा रहे हैं। फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का उद्घाटन भी होने जा रहा है। इसके अलावा और भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले तीन दिनों में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एक निर्णय था, एक करोड़ घरों तक रूफटॉप सोलर के लिए एक नई योजना का शुभारंभ। योजना का शुभारंभ उसी दिन हुआ, जिस दिन अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। दूसरा, सामाजिक न्याय के पुरोधा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देकर के सामाजिक न्याय की इस लड़ाई में वंचितों, दबे–कुचले और पिछड़े वर्ग को सम्मान देकर उनके माध्यम से नेतृत्व की एक नई श्रंखला को खड़ा करना।

# पीएम मोदी युवाओं से किया संवाद,यूपी में 806 जगह पर नव मतदाता सम्मेलन



एजेन्सी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा की तरफ से सभी विधानसभा में दो–दो सम्मेलन किए गए हैं। इनमें आए युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी का युवा मोर्चा इस बार प्रदेश के लगभग 8 लाख नव मतदाताओं से संवाद स्थापित कर रही है। प्रदेश के लगभग 806 जगह पर आयोजन किया जा रहा है। हर आयोजन में 1000 नव मतदाता शामिल हुए हैं। लोकसभा चुनाव में अब महज 4 महीने का ही वक्त बाकी है। इसलिए बीजेपी का फोकस न सिर्फ महिला और पसमांदा मुसलमान पर है, बल्कि प्रदेश के 8 लाख से ज्यादा नव युवाओं पर भी है। जो पहली बार मतदान करने जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी अपने सम्मेलन के द्वारा युवाओं के बीच पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने और जीवंत लोकतंत्र के साथ उनके संबंध को मजबूत करने के लिए नए मतदाताओं के महत्व पर फोकस कर रही है। भारतीय जनता पार्टी का युवा मोर्चा सम्मेलनों के लिए शैक्षणिक संस्थानों से लेकर घर, खेल के मैदान और कोचिंग सेंटरों तक पहुंच रहा है। युवा मोर्चा ने सम्मेलनों के लिए नव मतदाता पंजीकृत करने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बनाया है। जिसका 13 जनवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस डिजिटल पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया था। बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक, सभी भाजयुमो राज्य इकाइयां नव मतदाता को संवेदनशील बनाने और पोर्टल पर उनके पंजीकरण कराने का भी काम कर रही है। सम्मेलनों के साथ–साथ, कई विश्वविद्यालय स्क्रीनिंग का भी किया जा रहा है। छात्रों को प्रधानमंत्री के साथ नव मतदाताओं से बातचीत में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर परम् श्रद्धेय अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रह्मदेव वर्मा जी को उनके आश्रित जन विजय प्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता, सिविल कोर्ट जौनपुर एवं उनके सभी परिवारजनों की तरफ से तथा देश की उपासना समाचार पत्र परिवार की ओर से कोटि कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि

## कल्पवास शुरू...पौष पूर्णिमा पर गंगा में साढ़े 6 लाख से ज्यादा लोगों ने डुबकी लगाई

एजेन्सी

प्रयागराज गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में बृहस्पतिवार को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ भक्तों का महीने भर चलने वाला कल्पवास शुरू हो गया। माघ मेला प्रशासन के मुताबिक, आज दोपहर दो बजे तक करीब 6.60 लाख लोगों ने गंगा स्नान किया। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि माघ मेले के द्वितीय स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर घाटों की संख्या आठ से बढ़ाकर 12 कर दी गई है। इस तरह से घाटों की कुल लंबाई 3300 फुट से बढ़कर लगभग 6200 फुट हो गई है।

उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद बृहस्पतिवार तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं।

## सत्य शांति आनंद महिला कल्याण समिति के प्रांगण में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रयागराज के असिस्टेंट कमिश्नर आफॅ पुलिस विमल कुमार मिश्रा द्वारा झंडारोहण किया गया





प्रयागराज ब्यूरो

प्रयागराज। सत्य शांति आनंद महिला कल्याण समिति के प्रांगण में 26.जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रयागराज के असिस्टेंट कमिश्नर आफॅ पुलिस विमल कुमार मिश्रा द्वारा झंडा रोहण कर कार्यक्रम की शुरुवात बतौर मुख्य अतिथि के किया गया।

राष्ट्रगान के उपरांत गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर छात्रों ने कविता एवं लोकगीत गाकर सब का मन मोह लिया एवं देश के प्रति अपना समर्पण का भाव प्रस्तुत किया।बतौर मुख्य अतिथि श्री मिश्रा जी द्वारा अपने संबोधन कहा गया कि हम सभी को

देश के महापुरुषों के द्वारा निर्मित संविधान के अनुरूप जीवन जीने का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए,यही उन अमर बलिदानी नामी गुमनामी अमर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी,उन्होंने

अंत में सभी से विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बनने की अपील किया,झंडारोहण एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गण मान्य लोगों में वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र कुमार पांडे, अध्यापक सुजीत कुमार पांडे, अध्यक्ष अनुराधा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य प्रीति श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष किरन श्रीवास्तव, सचिव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथिगण ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । इस कार्यक्रम के आयोजक में मुख्य रूप से एडवोकेट अभिषेक श्रीवास्तव ,शिवम पांडे और आदर्श श्रीवास्तव की पूर्ण भूमिका रहीं।कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सचिव रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना, युवाओं को गिनाए स्थिर सरकार के फायदे



एजेन्सी

नयी दिल्ली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय बना दिया गया था जबकि मौजूदा केंद्र सरकार उन्हें उस स्थिति से बाहर निकाल कर लायी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह आजादी से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी आने वाले करीब 25 सालों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होने के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने व अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार खत्म होता है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख भी बढ़ती है। मोदी ने कहा, ''मुझे खुशी है कि आज भारत का नौजवान देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों को समझ रहा है। इसलिए वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है। वह परिवारवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद ऐसी बीमारी है जो देश के युवाओं को आगे बढ़ने से रोकती है। उन्होंने कहा, ''आपने देखा है परिवारवादी पार्टियों में दूसरे युवा कभी आगे नहीं बढ़ पाते। परिवारवादी पार्टियों के नेताओं की सोच युवा विरोधी होती है। इसलिए आपको अपने वोट की ताकत से ऐसी परिवारवादी पार्टियों को हराना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है तो देश बड़े फैसले लेता है और दशकों से लटकी हुई समस्याओं को सुलझाकर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार ने जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाकर दशकों का इंतजार खत्म किया। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने सेना के जवानों के लिए वन रैंक, वन पेंशन लागू कर देश के पूर्व फौजियों का चार दशक का इंतजार समाप्त किया। यह हमारी सरकार है जिसे अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी होने का अवसर मिला। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है तो नीति और निर्णयों में भी स्पष्टता होती है। मोदी ने कहा कि इसका असर वैश्विक स्तर पर भारत की साख पर भी होता है। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया में भारत की साख नयी ऊंचाई पर है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि उसने देश के युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया था। उन्होंने कहा, ''10–12 साल पहले भारत में जिस तरह की परिस्थिति थी, उसने देश के युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया था। आज देश में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं...आज स्थितियां बदली हैं। आज हर दिन एक नई खबर आती है कि आज इस क्षेत्र में भारत ने नया मुकाम हासिल किया। साल 2014 से पहले की पीढ़ी ने तो इसकी उम्मीद भी छोड़ दी थी। प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि उस समय के अखबारों में आए दिन भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां बनती थीं और हजारों करोड़ रुपये के घोटाले तो सामान्य सी बात थी। उन्होंने कहा, ''उस समय आए दिन देश के नौजवान सड़कों पर तत्कालीन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते थे। मुझे संतोष है कि हम उस अंधकारमय स्थिति को दूर कर पाए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और इनमें से कई के शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की उपलब्धियों का बखान करते हुए मोदी ने कहा कि आज भ्रष्टाचार की नहीं बल्कि विश्वसनीयता और सफलता की कहानियां सुर्खियां बनती हैं। उन्होंने कहा कि उन दिनों भारत दुनिया की पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था और दुनिया सोचती थी कि भारत खुद भी डूबेगा और हमें भी ले डूबेगा। मोदी ने कहा, ''आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया सोचती है कि भारत के विकास से उसका भी विकास होगा। आने वाले कुछ ही वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो जाएगा और भारत की अर्थव्यवस्था सात हजार अरब को पार कर जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका लाभ भारत के युवाओं को ही होगा क्योंकि उनके लिए नए–नए क्षेत्रों में रोजगार के बहुत सारे नए मौके आएंगे। उन्होंने कहा कि आज जब देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो युवा मतदाताओं का वोट तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। उन्होंने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है ।

## सम्पादकीय

# म्यांमार सीमा पर बाड़

म्यांमार में 2021 में लोकतांत्रिक सरकार को हटाकर सैन्य शासन स्थापित किए जाने के बाद लगातार गृह युद्ध की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, सेना के सत्ता संभालने के बाद से ही लोकतंत्र समर्थकों द्वारा लगातार प्रतिरोध किया जाता रहा है, लेकिन अब कुछ सशस्त्र जातीय समूहों द्वारा सेना के खिलाफ मोर्चा खोल देने से सशस्त्र संघर्ष ने व्यापक रूप ले लिया है। इस संघर्ष की वजह से हजारों की संख्या में शरणार्थी सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर चुके हैं। अब तो सशस्त्र विद्रोहियों से जान बचाने के लिये सैकड़ों सैनिक भी भारत में प्रवेश करने लगे हैं, जिन्हें वापस भेजने पर सहमति बन रही है। इन हालात को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय का कहना है कि म्यांमार से लगती भारतीय सीमा पर अब बाड़ लगायी जाएगी। हालांकि, पर्वतों व नदी वाले बेहद जटिल इलाके में बाड़ लगाना एक दुष्कर कार्य है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। पिछले अनुभव देखें तो बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने से कानून–व्यवस्था की स्थिति में खासा सुधार देखा गया है। दरअसल, म्यांमार से भारत के चार राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नगालैंड व मणिपुर की सीमा लगती है। यह सीमा करीब 1643 किलोमीटर लंबी है। इस समस्या का जटिल पक्ष यह है कि दोनों देशों के लोगों की आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रहती है। जिसके लिये एक सीमित इलाके तक वीजा लेने की जरूरत नहीं होती। इतना ही नहीं, दोनों देशों के लोग एक–दूसरे के इलाके में हाट–बाजार करके घर वापस आ जाते हैं। इसके अलावा सीमा के दोनों तरफ रहने वाली आबादी के बीच गहरे सामाजिक व आर्थिक रिश्ते आज भी कायम हैं। ऐसे में बाड़ लगाने के प्रयासों का स्थानीय स्तर पर विरोध होने की आशंका है। यहां तक कि मिजोरम के मुख्यमंत्री भी इस फैसले से असहमति जता चुके हैं। लेकिन राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर इस दिशा में कदम उठाये जाने की जरूरत है।लेकिन यह भी हकीकत है कि सशस्त्र विद्रोहियों व म्यांमार की सैन्य सरकार के बीच लगातार बढ़ते टकराव के चलते यह संकट आने वाले दिनों में और बढ़ने की आशंका है। जिसके चलते शरणार्थी संकट के बढ़ने के ही आसार हैं। हाल–फिलहाल विद्रोहियों के हमलों से बचने के लिये भारतीय सीमा में घुस आए सैकड़ों म्यामांरी सैनिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया भी चल रही है। इस संकट को देखते हुए केंद्र सरकार मुक्त आवागमन की व्यवस्था को बदलने की बात कह रही है। दरअसल, सैन्य तख्ता पलट के बाद म्यांमार के तीन अल्पसंख्यक जनजातीय समूहों के विद्रोहियों द्वारा एकजुट होकर हमला करने से म्यांमारी सेना की मुश्किलें अधिक बढ़ गई हैं। यहां तक कि म्यांमार की सेना अपने देश के असंतुष्ट लोगों पर भी हवाई हमले तक कर रही है। जिसकी वजह से मिजोरम व मणिपुर की सीमा से लगते इलाकों में बड़ी संख्या में शरणार्थी पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि अकेले मिजोरम के सीमावर्ती इलाकों में लगाए गए शिविरों में शरणार्थियों की संख्या तीस हजार से अधिक हो चुकी है। निस्संदेह, अच्छे पड़ोसी के नाते भारत म्यांमार के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता है, लेकिन अपने देश की चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। निस्संदेह, देश में शरणार्थियों के आने से भारतीय सीमावर्ती राज्यों के संसाधनों पर जन दबाव बढ़ेगा। इससे कालांतर कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा होगी। विगत में मणिपुर में जारी हिंसा में म्यामांर से आए चरमपंथी तत्वों की भूमिका की बात राज्य सरकार करती रही है। ऐसे में मुक्त आवाजाही समझौते पर पुनर्विचार करने का तार्किक आधार भी है। जिससे बिना वीजा के एक–दूसरे देश की सोलह किमी सीमा तक स्वतंत्र आवाजाही के समझौते पर नये सिरे से सोचने की जरूरत है। अन्यथा अवैध आप्रवासन की समस्या जटिल हो सकती है। ध्यान रखने वाली बात है कि देश में असम व पश्चिम बंगाल के कई विधानसभा क्षेत्रों में अवैध आप्रवासन से जनसंख्या का स्वरूप बदल चुका है। मणिपुर की हालिया हिंसा में भी घुसपैठियों की भूमिका की चर्चा होती रही है। निश्चय ही इस संकट की अनदेखी भू–राजनीतिक संकटों को बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

# आज का राशिफल

मेष :– विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी–व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

वृषभ :– मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्वी व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

मिथुन :– आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ–साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्क :– शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद–विवाद से दूर रहें।

सिंह :– आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्या :– नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला :– लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिक :– आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

धनु रू बौद्धिक, तार्किक, विचार–विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान–सम्मान मिलेगा।

मकर :– आज से आपके व्यापार–धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन–देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख– शांति का माहौल रहेगा।

कुंभ :– आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट–दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

मीन :– शारीरिक– मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद–विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# अपना घर जलाने के लिए बधाई

सर्वमित्रा सुरजन

लोकतंत्र और राष्ट्रवाद के फर्क को मिटाते हुए, पत्रकारिता और पक्षकारिता के अंतर को भूलते हुए, अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार और कलम की ताकत के कर्तव्य की बारीकियों को बिसराते हुए, सत्ता की रौशनी की खातिर कुछ लोगों ने स्वतंत्र पत्रकारिता को ही जला दिया। अब उसकी राख में, बची हुई खाक में, अंधेरे में, खबरें अपना रास्ता तलाश रही हैं। उधर झूठी खबरें वैश्विक मानचित्र में भारत का परचम लहरा रही हैं। विश्व आर्थिक मंच की 2024 की वैश्विक खतरों की रिपोर्ट में झूठी खबरों से प्रभावित देशों की सूची जारी की गई है। स्टैटिस्टा नाम की आंकड़े एकत्र करने वाली वेबसाइट के मुताबिक भारत में डिसइन्फॉर्मेशन और मिसइन्फॉर्मेशन दोनों के खतरे सबसे अधिक हैं। इस रिपोर्ट में डिसइन्फॉर्मेशन और मिसइन्फॉर्मेशन दोनों के बीच के अंतर को भी जाहिर किया गया है, क्योंकि अक्सर फेक न्यूज के नाम पर दोनों को एक साथ रख दिया जाता है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक डिसइन्फॉर्मेशन तब होती है जब गलत जानकारी लिखने और साझा करने के पीछे का इरादा जनता को गुमराह करना हो और मिसइन्फॉर्मेशन का मतलब है गैरइरादतन गलत या झूठी जानकारी को साझा करना, हालांकि इसका नुकसान भी उतना ही है, जितना जानबूझकर गलत सूचना फैलाने का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में संक्रामक बीमारियों, आर्थिक गैरबराबरी, और अवैध व्यापार से भी ज्यादा खतरनाक झूठी खबरों का प्रसार है। इसमें 2019 के चुनावों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उस वक्त राजनैतिक दलों द्वारा झूठी खबरों का जमकर प्रसार किया गया, खासकर और फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के जरिए। विश्व आर्थिक मंच की इस रिपोर्ट में भारत झूठी खबरों के खतरे से ग्रसित देशों में सबसे पहले स्थान पर है, तो वहीं एल सल्वाडोर, पाकिस्तान, रोमानिया, सिएरा लियोन, आयरलैंड, सऊदी अरब, फ्रांस, सं रा. अमेरिका और फिनलैंड जैसे देश चौथे से छठवें स्थान पर हैं। अब भारतीय चाहे तो इस बात की खुशी मना सकते हैं कि अमेरिका हमसे कहीं तो पीछे हुआ, या फिर इस मौके पर गंभीर चिंतन कर सकते हैं कि यह कौन सा अमृतकाल है, जहां झूठ का जहर समाज में बहा दिया गया है। सूचना क्रांति हमारे लिए उस अणुबम के समान साबित हुई है जिसके विनाश की जद में एक नहीं कई पीढ़ियां आ जाती हैं। लेकिन क्या इसके लिए केवल आधुनिक संचार माध्यमों को दोष दिया जा सकता है, जो पल–पल की सूचना पहुंचाने में सक्षम हैं। तकनीकी तो अपना काम कर रही है, लेकिन क्या हम अपने विवेक से उसका इस्तेमाल कर रहे है, यह भी सोचना होगा। बीते कुछ बरसों में हिंदुस्तान के मीडिया के लिए एक शब्द प्रचलन में आ गया है गोदी मीडिया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उपनाम से तुक बिठाता है।



गोदी मीडिया का तात्पर्य है, सरकार की चाटुकारिता में लगे पत्रकार। अक्सर इसमें इलेक्ट्रानिक मीडिया का ही हवाला दिया जाता है, क्योंकि न्यूज चौनलों में ज्वलंत मुद्दों के नाम पर जो विमर्श कराए जाते हैं, वो अक्सर एकतरफा होते हैं। पहले इसमें थोड़ी बहुत पर्दादारी होती थी, शीर्षक वगैरह पर सोच–विचार किया जाता था। लेकिन जैसे–जैसे पूंजी और सत्ता का प्रभाव बढ़ने लगा, सोचने की परंपरा किनारे कर खुलकर नफरती और सांप्रदायिक विमर्शों को स्थान मिलने लगा। स्थिति इतनी खराब हो गई कि सर्वोच्च अदालत को भी इस रवैये पर टिप्पणियां करनी पड़ीं। लेकिन अखबारों की दशा भी कुछ अलग नहीं है। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद कुछ अग्रणी हिंदी अखबारों ने जिस तरह के शीर्षक लगाए, उससे उनकी सांप्रदायिक और विभाजनकारी विचारधारा का पता चलता है। ऐसा लगा मानो पत्रकारिता के नाम पर हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने वाले ये अखबार उन चौनलों से होड़ कर रहे हैं, जो राम मंदिर उद्घाटन का अखंड कवरेज करने अपनी बसों में मंदिर वहीं बनाया है, लिख कर पहुंचे हुए थे। इनके कई पत्रकारों ने गले में भगवा गमछा डालकर रिपोर्टिंग की। ऐसे में शायद हिंदी अखबारों के पूंजीपति मालिकों के पास यही रास्ता बचा था कि वे शीर्षकों के जरिए हिंदुत्व के मुद्दे पर अपना समर्थन जाहिर करें। हमारे राम आ गए हैं, राष्ट्र की आस्था का नया सूर्योदय, रामचरित्र भास्कर ऐसी शीर्षकों को देखने के बाद एक तस्वीर याद आई, जिसमें दिखाया गया है कि मंदिर उद्घाटन वाले दिन अयोध्या में संविधान के पन्ने की पुड़िया में भेलपूरी बिक रही थी। अखबारों के पन्ने पर समोसे–भजिए तो कई जगह बिकते दिखे हैं, क्योंकि अखबार की जिंदगी सुबह 7 बजे तक की ही मानी जाती है। लेकिन अब क्या संविधान का जीवन भी समाप्ति की ओर है। क्या संविधान की बातें अब रद्दी की टोकरियों में दिखेंगी और राम राज्य के नाम पर नये विधान लागू हो जाएंगे। सोशल मीडिया पर एक कार्टून भी नजर आया, जिसमें पत्रकारिता की अर्थी निकल रही है और लिखा है– राम नाम सत्य है। तो क्या वाकई अमृतकाल मनाते देश में पत्रकारिता का शोकगान करने का वक्त आ गया है। अपने पेशे की अर्थी निकलते देख कर पत्रकार विलाप करेंगे या रुदालियों के भरोसे रहेंगे, यह भी सोचने की बात है।

अखबारों से जरूरी खबरों की गुमशुदगी का सिलसिला तो एक अरसे से चल रहा है। खबरों से अधिक विज्ञापनों को तरजीह देना भी व्यावसायिक मजबूरी में स्वीकार कर लिया गया। फिर वह दौर भी आया जब कार्पोरेट हितों की खातिर विज्ञापनों के मुताबिक खबरें लगने लगीं। कुछ दिनों पहले एक अखबार ने अपने पहले पन्ने की सारी तस्वीरों को ही विज्ञापन के फेर में उल्टा प्रकाशित किया था। इस खिलवाड़ के बावजूद यह उम्मीद कहीं न कहीं थी कि अखबारों में पत्रकारिता के लिए न्यूज चौनलों से ज्यादा प्रतिबद्धता नजर आएगी। पिछले दो–तीन दिनों के अखबारों ने इस खुशफहमी को ध्वस्त कर दिया। खबर थी कि अमिताभ बच्चन ने करोड़ों की जमीन अयोध्या में खरीदी है, फिर मंदिर उद्घाटन के अगले ही दिन पूरे पन्ने के विज्ञापन में महानायक प्लॉट बेचते नजर आए। धर्म और कारोबार की जुगलबंदी पहले पन्ने पर दिखला दी गई। अखबारों के बारे में आमतौर पर यह धारणा बनी हुई थी कि वे निष्पक्ष खबरें और विचार प्रकाशित करेंगे। जनहित और देशहित में पत्रकारिता की राह बनाएंगे। ये धारणा भी गलत ही साबित हुई। नेहरूजी हर पंद्रह दिन में राज्यों के मुख्यमंत्रियों को खत लिखकर अपनी चिंताओं और विचारों के बारे में बताते थे। 31 दिसंबर 1949 को लिखे ऐसे ही एक पत्र में उन्होंने लिखा था, संकीर्ण, सांप्रदायिक पूर्वाग्रह से ग्रसित लोग अक्सर राष्ट्रवाद और देशभक्ति की उच्च ध्वनि वाले वाक्यांशों के तहत खुद को छिपाते हैं। और यह कुछ लोगों को आकर्षित करता है। नेहरूजी की यह बात आज के स्वनामधन्य पत्रकारों और पूंजीपति अखबार मालिकों पर भी लागू होती है। उनकी देशभक्ति और राष्ट्रवाद का मुखौटा उतर गया है। पाकिस्तान की शायरा फहमीदा रियाज ने लिखा है–

तुम बिल्कुल हम जैसे निकले अब तक कहां छुपे थे भाई वो मूरखता वो घामड़–पन जिसमें हम ने सदी गंवाई आखिर पहुंची द्वार तुहारे अरे बधाई बहुत बधाई।

2024 का भारत 1947 के पाकिस्तान के रास्ते पर ही चलता हुआ दिखाई दे रहा है। फर्क यही है कि बीते 77 सालों में पाकिस्तान के कई पत्रकार लोकतंत्र के लिए आवाज उठाते रहे। हमारे देश में 77 साल बाद पत्रकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने में लगे हैं। मूर्खता और घामड़पन की नयी सदी में देश को लाने के लिए, अपना घर जलाने के लिए बधाई, अरे बधाई।

# राहुल गांधी को राजनीतिक सलाहकार चुनने में सावधानी बरतनी होगी

कल्याणी शंकर

क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फैसले विचारण के दायरे में आ रहे हैं? आलोचकों को आश्चर्य है कि क्या उन्होंने उन सहयोगियों को बढ़ावा दिया जिन्होंने अंततरू उन्हें और कांग्रेस को धोखा दिया। पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा के हाल में पार्टी छोड़ जाने की घटना ने उनके आंतरिक दायरे को छोटा कर दिया है, और अब केवल कुछ करीबी सहयोगी ही बचे हैं जो वफादार बने हुए हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि भाजपा ने कांग्रेस छोड़ने वाले कई सहयोगियों का स्वागत किया है और कुछ को पार्टी से अलग होने के लिए प्रोत्साहित भी किया है। हाल ही में राहुल गांधी के दोस्त अन्य राजनीतिक दलों में क्यों शामिल हुए हैं? इसका सीधा सा उत्तर यह है कि उनका कांग्रेस और उसके नेताओं से मोहभंग हो गया था। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि किसी भी नेता की सफलता के लिए बुद्धिमान सलाहकार महत्वपूर्ण होते हैं। राजीव और राहुल के राजनीतिक और व्यक्तिगत अनुभव समान थे और दोनों ने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत ऊंचे स्तर पर की थी। हालांकि, राजीव की राजनीतिक शिक्षा राजनीति करते हुए ही हुई। राजनीति



में प्रवेश करने के चार साल बाद, अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण राजीव प्रधानमंत्री बन गये। सत्ता से बाहर रहने के दौरान राजीव ने अपना राजनीतिक पाठ अच्छे से सीखा। राहुल अभी भी सीख रहे हैं।

1989 में राजीव गांधी को उनके राजनीतिक विरोधियों ने नकारात्मक प्रचार के माध्यम से निशाना बनाया, जिससे उनका राजनीतिक पतन हो गया। उनकी टीम के सदस्य अरुण नेहरू, अरुण सिंह, वी.पी. सिंह और अमिताभ बच्चन सहित कई ने राजीव की टीम छोड़ दी। राजीव के भरोसेमंद दोस्त दून स्कूल से थे, जिन्हें सामूहिक रूप से डोस्को टीम के नाम से जाना जाता था। राहुल की छवि निर्माताओं की टीम ने उन्हें एक सक्षम नेता के रूप में प्रस्तुत करने में बहुत प्रयास किया। उन्हें धर्म, जाति और अर्थव्यवस्था से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने और भारत को प्रगति की दिशा में एक साथ लाने के लिए रचनात्मक समाधान का श्रेय दिया जाता है। हालांकि, भाजपा ने उन्हें एक अयोग्य और ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया, जिनके पास दूरदर्शिता का अभाव है और जो देश को समृद्धि की ओर नहीं ले जा सकते। इस नकारात्मक धारणा को पुष्ट करने के लिए वे अक्सर उन्हें श्पप्पूश कहते थे।

लगातार चुनावी हार से निराश होकर, राहुल के अधिकांश अंदरूनी लोग हरियाली वाले रास्ते तलाश रहे थे। वे प्रभावशाली राजनीतिक राजवंशों से संबंधित थे और महत्वाकांक्षी थे। वे पुराने गार्ड से कार्यभार संभालने की जल्दी में थे। सत्ता का आनंद लेने के बाद उनकी चुनी हुई अधिकांश टीम चली गई। उदाहरण के लिए, राहुल गांधी के करीबी दोस्त ज्योतिरादित्य सिंधिया उस समय निराश हो गये जब 2018 विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त नहीं किया। परिणामस्वरूप, उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे अंततरू दो साल बाद सन् 2020 में भाजपा सरकार की स्थापना हुई। सिंधिया को उनके समर्थन के लिए केंद्र में मंत्री पद की पेशकश की गई थी। हाल ही में जितिन प्रसाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शामिल हुए हैं। वहीं, कपिल सिब्बल, अल्पेश ठाकुर और आरपीएन सिंह सभी अलग–अलग पार्टियों में चले गये हैं। इसके अलावा गुलाम नबी आजाद ने राहुल गांधी के नेतृत्व से असंतुष्ट होकर कांग्रेस से अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने पंजाब में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और एक नयी राजनीतिक पार्टी की स्थापना की। कांग्रेस के एक और बड़े नेता सुनील जाखड़ भी चले गये हैं। 2019 के आम चुनावों के बाद जब पार्टी हार गई तो तेईस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को चुनौती दी। राहुल के कुछ करीबियों के जाने से असंतोष बढ़ रहा है। राहुल ने पहले उन्हें मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री के रूप में पदोन्नत किया था। बाद में उन्होंने उन्हें पार्टी में उच्च पद दिये। कुछ ने कांग्रेस कार्य समिति में भी पद संभाला, जिसके लिए आमतौर पर वर्षों के समर्पण की आवश्यकता होती है।2014 और 2019 के चुनावों में कांग्रेस ने सत्ता खो दी, और आकलन किया जा रहा है कि पार्टी आगामी 2024 के चुनावों में अधिकतम 100 सीटें ही सुरक्षित कर पायेगी। अपने भविष्य के डर से, वे सत्ता में रहे बिना अगले पांच साल बिताने का जोखिम नहीं उठा सकते। राहुल के अंदरूनी घेरे ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिये हैं। भाजपा की ओर से लुभावने ऑफर मिलने से वे निराश नहीं हुए।

पिछले 20 सालों में राहुल का एक राजनेता के रूप में और भी शानदार प्रगति हो सकती थी। उन्हें बिना मांगे शक्तिशाली पद सौंपे गये हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महज एक प्रमुख व्यक्ति हैं और उनकी मां सोनिया गांधी पीछे की सीट पर हैं, ऐसे में राहुल के पास कांग्रेस के भीतर महत्वपूर्ण पदों पर महत्वपूर्ण कर्मियों की नियुक्ति पर पूरा नियंत्रण है।

2024 का चुनाव जीतने के लिए राहुल गांधी को अपनी रणनीति की समीक्षा करने, काम करने के लिए सही लोगों का चयन करने और प्रत्येक राज्य में मजबूत नेता बनाने की जरूरत है। उनकी चल रही भारत न्याय यात्रा मतदाताओं से जुड़ने का एक प्रभावी तरीका है, जैसा कि उनकी पिछली भारत जोड़ो यात्रा ने किया था। सबसे अहम है वोटरों को पोलिंग बूथ तक लाना। राहुल को पिछले अनुभवों से सीखना चाहिए, तुरंत आवश्यक बदलाव करने चाहिए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गठबंधन सहयोगियों का विश्वास अर्जित करना चाहिए और सबसे बढ़कर, भाजपा के मुकाबले एक नया आकर्षक राजनीतिक आख्यान ढूंढना चाहिए।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न, सामाजिक न्याय की जीत

प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकु र को भारत सरकार की ओर से भारत रत्न (मरणोपरात) देने का मंगलवार को ऐलान किया गया जो देश में सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के निर्माण की जरूरत को मान्यता मिलने जैसा है। इसे लेकर लोगों में हर्ष तो है, परन्तु उससे ज्यादा वे अचंभित हैं क्योंकि इसका ऐलान ऐसी सरकार के द्वारा हुआ है जिसका विश्वास और विचार इसमें कतई नहीं है। इसलिये अनेक लोगों का कहना है कि यह निर्णय सम्मान से कहीं अधिक सियासती समीकरणों को साधने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। बहरहाल, इस पुरस्कार के लिये कर्पूरी ठाकुर जैसी शख्सियत का चुनाव उन सभी को संतुष्ट करता है जिनका विश्वास जातिविहीन व समतामूलक समाज में है और जो चाहते हैं कि सभी संसाधनों एवं अवसरों तक दलितों, वंचितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं समेत सभी कमजोर वर्गों की पहुंच बने। कर्पूरी ठाकुर इसी के पुरोधा थे।

बिहार के मुख्यमंत्री का पद पहली बार दिसम्बर 1970 से जून 1971 तक और फिर जून 1977 से अप्रैल, 1979 तक सम्हालने वाले कर्पूरी ठाकुर का जन्म ठीक 100 साल पहले यानी 24 जनवरी, 1924 को समस्तीपुर में हुआ था और निधन 17 फरवरी, 1988 को। 1942 में महात्मा गांधी द्वारा छेड़े गये भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण उन्हें भागलपुर की जेल में लम्बी यातनापूर्ण सजा काटनी पड़ी। वे आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया, मधु लिमये आदि के नजदीकी लोगों में थे। 1967 के आम चुनाव में उनके नेतृत्व में संयुक्त समाजवादी दल (संसोपा) बड़ी शक्ति बनी तथा वे पहली बार सीएम बने। बाद में वे सांसद बने, विधानसभा में विपक्षी दल के नेता भी रहे। उनका दूसरा कार्यकाल बहुत उल्लेखनीय रहा जिसमें उन्होंने सामाजिक न्याय की अवधारणा को साकार किया। अपनी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्य परायणता के लिये प्रसिद्ध कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ों, वंचितों, शोषितों के लिये उल्लेखनीय कार्य किये जिसके कारण उन्हें श्जननायकश कहा जाने लगा। वे एक ओजस्वी वक्ता थे। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने पटना के कृष्णा टाकीज हॉल में छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्हमारे देश की आबादी इतनी है कि उनके केवल थूक देने से ही अंग्रेजी राज उड़ जायेगा।श इस भाषण से अंग्रेज अधिकारी इतने नाराज हुए कि उन्होंने उन पर जुर्माना ठोंक दिया। आजादी के बाद भी वे लोगों को अपने अधिकारों के लिये सतत लड़ने हेतु प्रेरित करते रहे। उनका लोकप्रिय नारा था–

सौ में नब्बे शोषित हैं, शोषितों ने ललकारा है।धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है।कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़ा जाति (नाई) के थे। हालांकि इस जाति की आबादी बहुत कम है, परन्तु अपने विचारों व जीवन शैली के कारण वे सभी वर्गों में बेहद लोकप्रिय थे। पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण देने वाले कर्पूरी के ही मार्गदर्शन में समस्त पिछड़े वर्गों ने सत्ता पाने के लिये ध्रुवीकरण किया। समाजवादी विचारधारा एवं हिन्दी के प्रसार के अलावा किसानों तक कृषि का अधिकतम लाभ पहुंचाने की उन्होंने व्यवस्था की।उन्हें ऐसे वक्त में मोदी सरकार ने देश का यह सर्वोच्च पुरस्कार देने का ऐलान किया है जब भारत की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। एक ओर है राममंदिर, जिसका नेतृत्व स्वयं श्री मोदी अपनी भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि के रूप में कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस है जो सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाये हुए है। उसके साथ अन्य तकरीबन 27 गैर भाजपायी दल है– श्इंडियाश गठबन्धन के नाम व रूप में। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना कराना चाहते हैं। वे बताते हैं कि देश में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के लोग हैं जिन्हें सत्ता में उसी अनुपात में भागीदारी मिलनी चाहिये। सवर्णवादी सोच पर आधारित भाजपा व संघ की जमीन इसके कारण खिसकी हुई है क्योंकि दोनों इस विचारधारा के विपरीत ध्रुव पर खड़े हैं। नरेन्द्र मोदी तो कह चुके हैं कि देश में केवल दो ही जातियां हैं– गरीब और अमीर। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बिलकुल दूसरे दिन अगर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा होती है तो साफ है कि सामाजिक न्याय की आंच अब भाजपा के नजदीक पहुंच चुकी है। राममंदिर का प्रभाव देशवासियों पर वैसा होता नहीं दिख रहा है जिसकी मोदी को अपेक्षा थी। भाजपा सोचती थी कि राममंदिर से भावना का वैसा ही ज्वार उठ खड़ा होगा जैसा 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले हुआ था– बालाकोट एवं पुलवामा के चलते। अगले तीन महीनों में होने जा रहे आम चुनाव में तय है कि सामाजिक न्याय का हथियार विपक्ष के पास होगा जिसका मुकाबला मोदी को अपने राममंदिर नामक शस्त्र से करना है। सभी जानते हैं कि श्री मोदी प्रतिपक्ष के प्रति कतई उदार नहीं हैं। अगर वे ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं तो उसके पीछे कोई सियासी खेल जरूर होता है। खासकर, वे किसी के बरक्स किसी अन्य को खड़ा करने के लिये ऐसा करते हैं। मसलन, नेहरू को नीचा दिखाने के लिये उन्होंने सरदार पटेल की मूर्ति लगवा दी। गांधी परिवार को नीचा दिखाने के लिये प्रणव मुखर्जी या फिर पं. मदन मोहन मालवीय को यह पुरस्कार इसी सरकार द्वारा दिया गया। इसलिये जब सामाजिक न्याय के इस महानायक को भारत रत्न मिलता है तो लोगों द्वारा राजनीतिक अर्थ ढूंढ़ना स्वाभाविक है। क्या भाजपा इससे सामाजिक न्याय का मुद्दा हथियाना चाहती है या बिहार में अपनी जमीन को मजबूत कर चाहती हैं? उससे भी बड़ा सवाल, कि क्या वे इसमें कामयाब होगी?

# अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी रहें ईमानदार- प्रो. वंदना सिंह

## पीयू में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 कर्मचारियों का प्रशस्तिपत्र और अंगवस्त्रम से सम्मान



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 कर्मचारियों को कुलपति ने सम्मानित किया। समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम मिलकर देश के विकास में योगदान करें और समृद्धि और समाज में सुधार की दिशा में कदम से कदम मिलाकर बढ़ें। हमारा संविधान हमें एक समृद्ध, न्यायप्रिय और सामर्थ्यपूर्ण भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करेगा।

उन्होंने कहा कि देश की प्रगति और मजबूती हर नागरिक से जुड़ीं हुई है, हम अपने अधिकारों के साथ ही साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी ईमानदार रहें यह बहुत ही आवश्यक है। जो व्यक्ति जहाँ भी कार्य कर रहा है वह नैतिक रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है तभी वह देश का आदर्श नागरिक है।

गणतंत्र दिवस समारोह के पहले कुलपति को सुरक्षाकर्मियों ने गार्ड आफ आनर दिया और उन्होंने अधिकारियों और कुलानुशासक डॉ राजकुमार के साथ को परेड का निरीक्षण किया। समारोह का संचालन राजनारायन सिंह ने किया। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में श्री राम नाथ राम, अभय कुमार सिंह, सर्वेश कुमार यादव, हेमन्त दुबे, गीता शामिल रहीं।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. एच सी पुरोहित, प्रो. मानस पांडेय, प्रो .अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजयद्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो वीडी शर्मा, प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. वंदना राय, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ रसिकेश, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ अनुराग मिश्र, डॉ. अन्नु त्यागी, रामजी सिंह , महामंत्री रमेश यादव, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य , डॉ. पीके कौशिक, श्याम त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह, रजनीश सिंह समेत संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी, विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# 151 धर्म योद्धा स्मृति चिन्ह देकर किए गए सम्मानित



सुल्तानपुर– श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कलान में धर्म योद्धाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। अयोध्या भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इन धर्म योद्धाओं की तरफ से व्यापक तैयारियां और प्रबंध सुनिश्चित किया गया था। लगभग 15 दिन तक वहां रहकर व्यवस्था को अंजाम देने में इनकी सराहनीय भूमिका रही। जिसे देखते हुए प्रबंध निदेशक डॉ वेद प्रकाश सिंह उर्फ राजू भैया ने सम्मान पत्र देते हुए इन 151 धर्म योद्धाओं का उत्साह वर्धन किया। संबोधन में डॉक्टर सिंह ने कहा कि हमारे आदर्श प्रोग्राम की प्राण प्रतिष्ठा और पुनीत कार्य युग का एक उत्कृष्ट कार्य के रूप में इतिहास में दर्ज किया जाएगा। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी श्री अतुल कुमार सिंह ने प्राण प्रतिष्ठा के पवन और पुनीत कार्य का साक्षी बनने के अवसर पर प्रबंधा निदेशक डॉ वेद प्रकाश सिंह को गौरवान्वित बताया।इस मौके पर प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सिंह,संस्थान के नियंता उदय प्रकाश सिंह समेत अन्य कर्मचारी और प्रबंध करने वाले पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मोबाइल शॉप से लाखों रुपये के मोबाइल और नकदी चोरी/चोरों ने दी पुलिस को बड़ी चुनौती



सुलतानपुर। कड़ाके की ठंड को देखते हुए चोरों ने फायदा उठाना चालू कर दिया,दर्शल बीती रात कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज कस्बे में स्थित एक मोबाइल शॉप पर चोरों ने वेल्डिंग मशीन से शटर को काटकर करीबन 3 लाख रुपए का मोबाइल व अन्य सामानों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया,चोरी की घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल, चोरी की घटना से कूड़ेभार पुलिस की पुलिसिंग पर उठ रहे हैं कई सारे सवाल। 'इसी मोबाइल शॉप पर पहले भी चोरों ने चोरी की घटना को दिया था अंजाम,उस समय भी कारीबन 4 लाख रुपए के मोबाइल व नगदी पर चोरों ने किया था हाथ साफ'

मोबाइल शॉप के मालिक गोविंद मौर्या ने पुलिस को सूचना देते हुए चोरी की घटना के बारे में बताया, थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

# रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला प्रयागराज में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न



प्रयागराज ब्यूरो

प्रयागराज। मीडिया सेल माघ मेला प्रयागराज के मुताबिक प्रयागराज के संगम तट पर 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स' माघ मेला में डीआईजीध्प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा गरिमामय ढंग से राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया।तत्पश्चात गरिमापूर्ण व भव्य राष्ट्रगान के बाद सलामी ली गई।इसके बाद वहां पर मौजूद समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ डीआईजी डाक्टर मिश्र ने माघ मेला ने अखण्ड भारत के संविधान की शपथ ली।रिजर्व पुलिस लाइन्स' माघ मेला में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीध्कर्मचारी गण को सम्बोधित करते हुये डीआईजीध्प्रभारी माघ मेला डॉ मिश्र द्वारा बताया गया कि सभी अधिकारीध्कर्मचारी गण राष्ट्र और पुलिस विभाग के प्रति अपने अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों का निर्वहन अवश्य करें।

डीआईजी डॉ राजीव नारायण मिश्र के द्वारा समस्त अधिकारीध कर्मचारीगण को धन्यवाद कहते हुये 75 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाये दी गई।इस राष्ट्रीय पर्व पर माघ मेला के समस्त अपर पुलिस अधीक्षकध क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारीध समस्त इकाई प्रभारी / एटीएस / बीडीडीएस के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चौधरी चरण सिंह को मिले भारत रत्न तब होगा किसानों का असली सम्मान : रालोद

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय तथा प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम हैदर ने सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तथा गरीबों और पिछड़ों के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की सराहना की और कहा कि यह काम सरकार को बहुत पहले ही करना चाहिए था क्योंकि लम्बे अरसे से उनको भारत रत्न देने की मांग चली आ रही थी किन्तु सरकार लोकसभा चुनाव को देखते हुए।

# गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण कर कार्यक्रम की हुई शुरुवात



ब्यूरो देश की उपासना

मेहनगर (आजमगढ़) । 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में एसडीएम रामानुज शुक्ला , ब्लाक मुख्यालय पर पूर्व प्रमुख डॉ0 कैलाश यादव ,सपा कार्यालय पर विधायक पूजा सरोज ,भूमि विकास बैंक पर चेयरमैन अरविंद सिंह ,नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष कौशिल्या रामबदन कन्नौजिया ,उपखंड कार्यालय पर एसडीओ तुषार श्रीवास्तव ,माँ धनावती महाविद्यालय व यमुना स्मारक इं0का0 मौली मनिहा पर पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव ,माँ चंद्रावती महाविद्यालय पर प्रबंधक अंगद यादव ,पंचायत इंटरकॉलेज गौरा पर प्रबंधक प्रह्लाद सिंह ,स्वामी विवेकानंद उ0मा0 विद्यालय पर भाजपा नेता रणवीरसिंह ,मंडलेश्वर महादेव सं0मा0वि0 रायपुर में प्रधानाचार्य उदयभान गिरी ,भाजपा कार्यालय पर राजेश सिंह ,गिरिश्वर महादेव करौती पर विनोदानन्द जयहिंद वाला ने झण्डारोहण व राष्ट्रगान के सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# भाजपा समर्थक मंच के बनारस मंडल अध्यक्ष बनाए गए शिवम सिंह

## शिवम सिंह को मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा समर्थक मंच बनाये जाने पर क्षेत्रीय युवाओं में खुशी की लहर



जौनपुर। जनपद जौनपुर के तेजीबाजार विरशादपुर निवासी शिवम कुमार सिंह जो अपनी सामाजिक कार्य और निष्ठा से जनपद में एक नई पहचान बनाए हैं जिसको देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव के निर्देश एवं चंदन पाठक कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश मैं बनारस मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा समर्थक मंच बनारस मंडल उत्तर प्रदेश के पद पर शिवम सिंह को मनोनीत किया जिसकी खबर मिलते ही जनपद के सभी युवा साथियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और जनपद के आसपास से जुड़े तमाम युवा बधाइयां एवं शुभकामनाएं देने लगे वहीं पर शिवम सिंह ने बताया कि हम इस जिम्मेदारी के प्रति माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष जी का धन्यवाद अदा करते हैं साथ ही साथ उन्होंने जो हमें यह जिम्मेदारी दी है हम उसका पूरी कर्तव्य और निष्ठा ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे ज्ञात हो कि इसके पहले भी तमाम सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाते नजर आए और अखबारों के सुर्खियों में बने रहने वाले शिवम सिंह हमेशा समाजहित, छात्रहित सहित अन्य कार्यों में बढ़–चढ़कर अपनी सहभागिता जताते हैं.

विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी

# अखिल भारतीय संस्था AIOCD के नारे अपना व्यवसाय अपनों के साथ रुदिवाकर सिंह



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। केमिस्टस एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोशिऐशन ने 75वां गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया।झंडा रोहण मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी और ओ सी डी के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर संस्था के अध्यक्ष शकील अहमद संस्था के संरक्षक मण्डल से राजदेव यादव, संजय सिंह के द्वारा सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता शकील अहमद ने किया। उन्होंने सभा मे आये सभी दवा दुकानदारों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दिया । संरक्षक राजदेव यादव और संजय सिंह ने सभा को सम्बोधित कर सभी को शुभकामनायें दिए मुख्य अतिथि चंद्रेश द्विवेदी ने शुभकामनायें देते हुए जिले के दवा बिक्री मे गुणवत्ता के लिए प्रशंसा किये उन्होंने कहा कि अन्य वर्षो कि तुलना मे आधोमानक

व नकली दवायें जाँच के दौरान कम मिली हैं इससे पता चलता हैं कि व्यवसाव मे नियमो के प्रति जागरूकता बढ़ी हैं, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा प्राइवेट अस्पताल मे संचालित मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली ज्यादा एमआरपी कि दवाओं पर चिंता व्यक्त किये इसके साथ उन्होंने ने अखिल भारतीय संस्था ।प्व्ब्क के नारे अपना व्यवसाय अपनों के साथ को दुहराया और कहा कि इससे नकली दवाओं के प्रसार पर अंकुश रहेगा। सभा के अंत मे शकील अहमद ने आयोजक सहमंत्री प्रशांत मौर्य (मिलन सुपर –कम्पनी ) का व्यक्त करते हुए सभी का आभार प्रकट किये। इस अवसर पर चेयरमैन अखिलेश श्रीबास्तव, कोषाध्यक्ष बंशीधर मौर्य कार्यवाहक महामंत्री , श्याम सिंह संगठन मंत्री आशुतोष सिंह, सुनील गुप्ता , राम कृपाल जायसवाल, अखिलेश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर बृहद रोजगार मेला का आयोजन वायले नगर कल्याण वेस्ट महाराष्ट्र मे किया गया





ठाणे ब्यूरो अमित पांडे

महाराष्ट्र ठाणे जिला अंतर्गत कल्याण तालुका के शिवसेना आमदार विश्व्नाथ आत्माराम भोईर के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस पर बृहद रोजगार मेला का आयोजन वायले नगर कल्याण वेस्ट मे कराया गया जिसमें देश की जानी मानी कंपनियों से यहाँ के बैरोजगार नवयुवकों और युवतियों को चयन कराकर अपने हथों से नियुक्ति पत्र लाभार्थियों को वितरित किया वैसे अगर इनके कार्यो को देखते हुए ये कहा जाय की यहाँ के आमदार यहाँ की जनता के दिल की धड़कन है तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी ,और इन्ही की तरह अगर हर पार्टी के आमदार और सांसद इसी तरह से जनता के लिए कार्य करें तो मुमकिन है बैरोजगारी जरूर जल्द से जल्द खत्म हो जाएगी।

# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्वालिटी एल्डर नर्सिंग होम द्वारा गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया



ब्यूरो अयोध्या ब्यूरो चीफ सुरेंद्रकुमार

नोएडा सेक्टर 116 उत्तर प्रदेश में शान से 75 वा गणतंत्र दिवस मनाया गया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्वालिटी एल्डर नर्सिंग होम ने गणतंत्र दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया, जिसकी प्रमुख अतिथि क्वालिटी एल्डर नर्सिंग होम की संस्थापिका एवं अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह वहीं पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एल्डर नर्सिंग होम के संयोजक अध्यक्ष अशोक सिंह उपस्थित रहे और गणतंत्र दिवस समारोह में शिवसेना जिला प्रमुख सचिव सतीश चंद्र चौधरी एवं मनीष सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक किया और बताया 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ था इसी के साथ भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में पूरी तरह स्वतंत्र हुआ इस उपलक्ष में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन हर भारतीयों को गर्व महसूस करना चाहिए।

# तमिलनाडु से पहुचे हिन्दू महा सभाईयो ने निकाली छतरी यात्रा

संवाददाता

लखनऊ। हिन्दू महासभा तमिलनाडु इकाई ने चेन्नई से हनुमानगढ़ी अयोध्या जा रही छतरी यात्रा आज यहां कबीर आश्रम कुर्सी रोड से पुराना हनुमान मन्दिर अलीगंज तक निकाली गई। यह यात्रा कल सुबह अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंच कर समाप्त होगी। हिन्दू महासभा तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में निकाली गई इस शोभायात्रा में आत्माराम दुबे, कमलेश जी महाराज, हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, शिशिर चतुर्वेदी, गौरव शुक्ला सहित उत्तर प्रदेश हिन्दू महासभा के प्रमुख वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्णिमा पर सनातन महासभा की 121वी मां गोमती महाआरती का आयोजन

संवाददाता

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित पुष्य पूर्णिमा पर आयोजित 121वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन गुरुवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर 07 भव्य मंचो से पूज्य,स्वामी आनंद नारायण जी, देवेंद्र शुक्ल, के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख का खूब प्रयोग किया गया। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बच्चों द्वारा विभिन्न देवताओं के रूप में महाआरती का पूर्व भारतीय समूह लोकनृत्य का आयोजन अमित दीक्षित, भूषण अग्रवाल, महर्षि कपूर, मंजू श्रीवास्तव के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ रिद्धि सिद्धि के दाता सुनो गणपति..., से हुआ। सभी बच्चो को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व मुख्य सचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि महाआरती के बाद 1101 दीपो से घाट दिवाली की तरह जगमगा उठा साथ ही सभी ने मंदिरों से सनातन धर्म व संस्कार के विस्तार को लेकर संकल्प लिया और सभी ने डॉ0 आहुति बाजपेयी के नेतृत्व में मां गोमती की स्वच्छता व किनारों के अतिक्रमण को लेकर संकल्प दीपो से सभी भक्तों को कराया। इस भव्य कार्यक्रम का संचालन विकास मिश्र ने किया और भक्तो को अपनी मिमिक्री से मनोज सारस्वत ने हँसते हँसाते धर्म का ज्ञान तमाम फिल्मी कलाकारों व राजनेताओ की आवाज में दिया। कार्यक्रम के बाद में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सीपी अवस्थी, रामकिशोर शुक्ल, आशा सिंह, डॉ. नीलू त्रिवेदी, डॉ. आहुति बाजपेयी, ऋषि शर्मा, मनीष रस्तोगी, रवि कचरू, हिमांशु अवस्थी, देवेंद्र राय, केके राय, एड. शैलेन्द्र श्रीवास्तव,सहयोगी संस्थाओं में अ.भा ब्रह्म समाज, ब्रह्म सागर, स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन, विनायक ग्रामोउद्योग संस्थान के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री की इस महात्वाकांक्षी योजना से लाखों गरीब घर के युवक-युवतियां की शादी कराकर उन्हे राहत दी जा रही हैं:- नितिन अग्रवाल

## सभी का नव वैवाहिक जीवन में हजारों खुशियां आये और शांति बनी रहे:-जय प्रकाश रावत



हरदोई।(अंबरीष कुमार सक्सेना) आज सीएसएन (पीजी) कालेज में समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित विशाल मुख्यमंत्री सामहिक विवाह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने श्री गणेश प्रतिभा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं कलश पूजन के साथ किया तथा पांच नव विवाहित जोड़ों को विवाहित जीवन में प्रयोग होने वाले वर्तन, कम्बल, आभूषण, बैग आदि देकर आर्शीवाद प्रदान किया तथा भव्य रूप में विशाल, शान्ति पूर्ण, अनुसाशित एवं सफल सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराने पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी तथा उनकी टीम को बधाई दी। विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ नव विवाहित जोड़ों पर फूलों की वर्षा कर आर्शीवाद प्रदान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मा0 मंत्री जी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री की इस महात्वाकांक्षी योजना से लाखों गरीब घर के युवक–युवतियां की शादी कराकर उन्हे राहत दी जा रही हैं साथ ही ऑनलाइन के माध्यम से बधु के खाते में धनराशि एवं वैवाहिक जीवन में काम आने वाले जरूरी सामग्री भी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मा0 सांसद जय प्रकाश रावत ने नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि सभी का नव वैवाहिक जीवन में हजारों खुशियां आये और शांति बनी रहें। उन्होने कहा कि आगामी लोक सभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी नव विवाहित जोड़ों को उनके वैवाहिक जीवन के सुखमय रहने का आर्शीवाद देते हुए उनके परिवारीजनो से कहा कि जिस तरह आज कन्या दान किया है उसी तरह आगामी चुनाव में मतदान जरूर करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी 885 नव विवाहित जोड़ो में 37 नव विवाहित मुस्लिम जोड़ों को सुखमय जीवन का आर्शीवाद देते हुए कहा कि खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए एक दूसरे को समझे एवं समन्वय बनाकर साथ चलें।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि तथा नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी, सभी उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी, डीडी कृषि, जिला सूचना अधिकारी सहित भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित था।

# ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिन्डोला में अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंह का जन्मोत्सव मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। शहीद बाबा दीप सिंह का 342वाँ जन्मोत्सव श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव नाका हिन्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।



प्रातः का दीवान श्री सुखमनी साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ। उसके उपरान्त रागी भाई राजिन्दर सिंह ने आसा दी वार का अमृतमयी कीर्तन एवं ष्सूरा सो पहचानीए जो लरै दीन के हेत पुरजा पुरजा कट मरै कबहू न छाडे खेत।ष शबद गायन कर संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने शहीद बाबा दीप सिंह के जन्मोत्सव पर कथा व्याख्यान करते हुए बताया कि बाबा दीप सिंह का जन्म 1682 को ग्राम पहुविंड तहसील पट्टी, जिला अमृतसर में हुआ था।

उनके पिता जी का नाम भाई भगता जी एवं माता का नाम जीऊणी जी था। आप दसवें गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंह के परम शिष्य थे। गुरमुखी, फारसी, अरबी भाषा का ज्ञान, घुड़सवारी एवं शस्त्र विद्या में निपुणता गुरू जी से ही सीखी। सिक्ख धर्म के महान योद्धा बाबा दीप सिंह जी की शहादत की मिसाल पूरे विश्व में कहीं नहीं मिलती। जब मुगल शासक मुरादबेग ने अहमद शाह अब्दाली को पत्र लिखकर भारत पर हमला करने की गुजारिश की। अब्दाली ने एक लाख की फौज के साथ हमला कर दिया। क्रूरता की सारी हदें पार कर दी फौज ने जब बच्चों और स्त्रियों को भी नहीं बक्शा तब सिख समुदाय के बाबा दीप सिंह जी से यह देखा न गया।

बाबा दीप सिंह ने प्रण लिया कि "खालसा सो जो चढेध तुरंग, खालसा सो जो करे नित जंग'। 1757 में (75 वर्ष की आयु में) गोलवड़ के टिब्बे पर 40000 फौजियों ने हमला कर दिया। बाबा दीप सिंह अपने साथियों बाबा नौध सिंह, भाई दयाल सिंह, बलवंत सिंह, बसन्त सिंह और कई योध्द्धाओं के साथ मुकाबला किया। धर्म की रक्षा करने के साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की रक्षा करने वाले बाबा दीप सिंह 18 सेर का दो धारी खंडा (दो धार वाली तलवार) लेकर मैदान–ए–जंग में लड़ते रहे। बाबा ने सुधासर (अमृतसर) में शहीद होने का प्रण लिया था।

बाबा का सिर जंग में कट जाने के बावजूद एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में सिर लेकर वह गुरू रामदास के चरणों में पहुँच गये। वहाँ अब बाबा के नाम से टाहला साहिब गुरूद्वारा है। बाबा के शरीर का जहाँ संस्कार किया गया वहाँ अब गुरूद्वारा शहीद गंज बाबा दीप सिंह बना है।

कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को बाबा दीप सिंह के जन्मोसव की बधाई दी और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके उपरांत संगत में मिष्ठान प्रसाद एवं चाय का लंगर वितरण किया गया।

# गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने कम्बल वितरण किया



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (दावते इस्लामी इंडिया) ने सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबलों बांटने का अभियान चलाया गया। जिसमें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर तथा रोड किनारे सो रहे बेघर लोगों, रिक्शा चालकों, गरीबों आदि जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। फाउंडेशन द्वारा पूरे देश में कंबल बांटने का संकल्प लिया गया है। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन से मोसिन अत्तारी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा समय समय पर वृक्षारोपण, राशन वितरण, फ्री मेडिकल कैम्प, गर्मी में पानी की सबील आदि समाज सेवा से जुड़े कार्य किये जाते हैं। तथा मौके पर आकीफ अत्तारी मोसिन अत्तारी, गुफरान अत्तारी अहमद अत्तारी असीम, व मोहम्मद साकिब आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की घेराबंदी से लूट का प्रयास विफल, एक लुटेरा गिरफ्तार

## 1–चाकू और नकली पिस्टल बरामद

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, 27 जनवरी। खुटहन थाना अंतर्गत बड़नपुर प्राथमिक विद्यालय के पास शनिवार को ग्रामीणों की तत्परता से साइकिल सवार सर्राफा व्यवसाई का गहनों से भरा झोला छिनैती होने से बच गया। घेराबंदी कर ग्रामीणों ने एक बदमाश को अपाचे बाइक के साथ पकड़ लिया। चार बदमाश भागने में सफल रहे। भीड़ में लोगों ने बदमाश का हाथ पांव बांध हल्की पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। उसके पास से एक चाकू औरध पिस्टल के माडल का नकली गन बरामद किया गया।


इमामपुर गांव निवासी श्रीराम सोनी झोले में गहने रख साइकिल से गांव –गांव फेरी लगाकर सोने चांदी के आभूषण बेचते हैं। शनिवार की दोपहर वह घर साइकिल से खेतासराय की तरफ जा रहे थे। उक्त विद्यालय के पास दो बाईकों से पांच की संख्या में बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया। गहनों का झोला छीन रहे थे कि श्रीराम ने शोर मचा दिया। घटनास्थल के पास किराने की दुकान पर बैठे कुछ ग्रामीण ललकारते हुए मौके की तरफ दौड़े। सामने से भी गांव वालों को आता देख बदमाश झोला छोड़ भागने लगे। चार बदमाश तो भागने में सफल रहे। लेकिन एक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसकी पिटाई शुरू कर दिया। वारदात स्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सिकंदर राजभर बताया।वह आजमगढ़ जिले के बरदह थाना क्षेत्र के बर्रा गांव निवासी निकला।वही इस मामले में थानाअध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर छानबीन की जा रही है।

## गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित होंगे प्रशांत कुमार और मंजिल सैनी

संवाददाता

लखनऊ। केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस के मौके पर दिए जाने वाले वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक, इस साल पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड, नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवा के 1132 कर्मियों को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पुलिस अधिकारी भी शामिल है। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार और आईपीएस मंजिल सैनी को गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान सूची में शामिल प्रशान्त कुमार की अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ की नियुक्ति के दौरान 2017 को दिल्ली स्थित प्रीत विहार के मेट्रो हार्ट एवं कैंसर हास्पिटल के चिकित्सक डा. श्रीकान्त गौड़ के अपहरण के उपरान्त अपराधियों द्वारा 5 करोड़ की फिरौती की मांग किये जाने की सूचना पर प्रशान्त कुमार तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन एवं मंजिल सैनी तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा दिल्ली पुलिस की टीम के साथ उच्च कोटि का समन्वय स्थापित कर जब मेरठ में कांवड़ मेला शिखर पर था।उस दौरान एक साहासिक मुठभेड़ के बाद डा. श्रीकान्त गौड़ को सकुशल बरामद किया गया और 4 अपहरणकर्ताओं को जिनके द्वारा 5 करोड़ फिरौती की मांग की गयी थी, उन्हें मौके से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध आग्नेयाख– 1 पिस्टल, 1 पौनिया राइफल तथा प्रयुक्त व जीवित कारतूस बरामद हुए।

# जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है : अम्बरीष





हरदोई। पुरवा पिपरिया में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में धर्म प्रेरक अंबरीष कुमार ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल, ऋषियों मुनियों एवं संत परंपरा से समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। श्रद्धालुओं से कहा कि सभी सत्संग परिवार संस्कारित होकर समाज व देश के निर्माण में योगदान दें।समाज निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं। सनातन संस्कृति में कर्म प्रधान है।कर्म ही आपका धर्म है। बताया कि विदेशी संस्कृतियां सत्ता प्राप्ति का एक साधन हैं।

कहा कि देवों के देव महादेव सभी के परमपिता हैं।महादेव की शक्ति भारतीय ग्रंथों में वर्णित है।प्रभु से यही विनती है कि जनकल्याण करने का आशीर्वाद देते रहें।कहा कि सत्संग से विभिन्न स्थानों पर जाने का अवसर प्रभु कृपा से ही मिलता है।

श्रद्धावान, साधना में तत्पर और जितेन्द्रिय मनुष्य ज्ञानको प्राप्त होता है, ज्ञानको प्राप्त होकर वह तत्काल ही उत्कृष्ट शांतिको प्राप्त होता है।

आध्यात्मिक अंतःकरण संपन्न मनुष्य की समस्त सांसारिक एषणायें, प्रवृत्तियां शांत, अंतर्मुखी और स्थिर हो जाती हैं। शांति का मूल आधार केवल आध्यात्मिक विचार ही है। संसार के त्रिविध तापों और क्लेशों में उलझा मनुष्य अशांत, व्यग्र, असहज, असंतुलित और अत्यन्त विचलित रहता है। इसका एक ही कारण है कि, उसके पास सही विचार, दिशा और दशा नहीं है। जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है। आनंद का अर्थ है, प्रसन्नता, शांति, स्फूर्ति, उमंग और उल्लास का आना। प्रसन्नता वस्तु और पदार्थ सापेक्ष नहीं अपितु विचार सापेक्ष है।

उन्होंने कहा कि शिव आराधना से लौकिक,पारलौकिक सुख ऐश्वर्य व आनंद प्राप्त होता है।

शिव स्तुति करने से मन

में प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है। आध्यात्मिक शक्तियों से स्व परिवर्तन

के साथ साथ वैश्विक परिवर्तन संभव हो जाता है। परमात्मा का प्रकाशस्वरूप

से ध्यान करने मात्र से जीवन में अलौकिक बदलाव आता है।

शिव सत्संग मंडल के मंडल अध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि धर्म पर जो चला वह उन्नति की ओर बढ़ा। ध्यान और भजन से मनुष्य एक बेहतर इंसान बनता है। अटूट श्रद्धा और विश्वास से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं।

कहा कि साधना के पथ पर अग्रसर होकर हमें जो भी ऐश्वर्य,ज्ञान,धान आदि मिले, उससे शुभ कार्य करें।समाज की सेवा करें।जरूरत मंद पर व्यय करें। हमें गर्व होना चाहिए कि हम त्रिकालदर्शी ऋषियों की संतान हैं।हम परमेश्वर के विशुद्ध तेज का ध्यान करें।परमेश्वर हमारी बुद्धियों को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करे।

कहा कि सज्जनो से जुड़ें और समाज को अच्छा बनायें। धर्म अध्यात्म में लोक कल्याण सर्वोपरि होता है।

इस आध्यात्मिक सत्संग का शुभारंभ डॉक्टर रामावतार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बहन रचना वंदना ने सामूहिक ईश प्रार्थना प्रस्तुत की।

समापन पर सभी सत्संगी जनों ने रोजाना ब्रह्ममुहूर्त में उठकर प्रभु का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।

इस आध्यात्मिक सत्संग में गेंदन लाल राम प्रताप, रामकिशोर अमित प्रेम कुमार व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद,महेश रामनिवास, रमाकांत मोहित राजपूत अनुराग श्रीवास्तव अजय कुमार गुप्ता अभिषेक श्रीवास्तव योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना सहित सैकड़ो लोगों ने सहभागिता की।

# ट्रेलर व मैजिक जीप की टक्कर एक की मौत

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बक्शा थाना अंतर्गत प्रयागराज जौनपुर राजमार्ग पर फतेहगंज बाजार के समीप शनिवार की धुंध भरी सुबह ट्रेलर व मैजिक जीप में आमने – सामने की हुई जोरदार टक्कर में मैजिक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज हेतु पुलिस ने जिला अस्पताल भेज दिया।

राहगीरों ने बताया कि भोर में लगभग सात बजे प्रयागराज की तरफ से गिट्टी लादकर आ रही ट्रेलर ट्रक फतेहगंज बाजार के निकट डीहजहानिया गांव के मोड़ के पास एक बालू गिट्टी की दुकान के सामने पहुंचा था कि जौनपुर शहर की तरफ से आ रही एक खाली मैजिक जीप से आमने – सामने से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए। मैजिक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में ही वह बुरी तरह फंस गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची सिकरारा व बक्शा थाने की सौ नंबर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाड़ी चालक को बाहर निकाला। जेब में मिले कागजात से पता चला कि मैजिक का चालक मोहम्मद आकिब पुत्र अलताभ खान निवासी ग्राम कटघर, थाना मुठ्ठीगंज जिला प्रयागराज है। जबकि घायल ट्रेलर चालक आशीष यादव पुत्र सूर्यभान यादव निवासी ग्राम कुचहरा थाना घोसी जनपद मऊ का निवासी है। मौके पर पहुंची बक्शा पुलिस शव को कब्जे में लेकर वाहनों को सड़क किनारे करवाकर आवश्यक कारवाई में जुट गई है।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस का पर्व

## 1-पुलिस लाइन में राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने झंडा रोहण कर किया अपडेट का निरीक्षण



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,26 जनवरी ।75 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ शुक्रवार को जनपद में जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।प्रमुख रूप से पुलिस लाइन प्रांगण में राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने झंडा रोहण कर सलामी देते हुए परेड का निरीक्षण किया। झंडारोहण के उपरांत पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ आनर देते हुए फायरिंग के साथ झंडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तमाम पुलिस के जवानों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित भी किया गया ।इस अवसर पर राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि हम आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर आजादी दिलाने वाले तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं साथ ही संविधान बनाने वालों को भी नमन करते हैं इस बार राम राज्य की स्थापना हुई है ऐसे में यह गणतंत्र दिवस अपने आप में अलग तरीके से है क्योंकि पूरे 500 वर्ष बाद इस बार भगवान राम लाल अपने घर अयोध्या में विराजमान हुए इसलिए भी यह पर्व अति महत्वपूर्ण है इसके लिए हम सभी देशवासियों को बधाई देते हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान हजारों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी स्कूल के बच्चे स्थानीय जनता भी उपस्थित रही । बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर उपस्थित जनसमूह भाव विभोर होता रहा। अयोध्या में स्थापित हुए भगवान श्री राम का उत्साह आज भी झांकियां में और स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में उसकी झलक देखने को मिली। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार क्षेत्राधिकार शहर कुलदीप गुप्ता मुख्य विकास अधिकारी सीलम साइन तेजा अपर जिला अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय बीएसए डॉ गोरख नाथ पटेल सहित जनपद के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोगों में काफी उत्साह देखा गया नगर सहित ग्रामीण अंचल क्षेत्र में भी यह पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया विभिन्न स्कूलों गैर सरकारी संगठन सामाजिक संस्थाओं सरकारी कार्यालय पर झंडा रोहण कर झंडे को सलामी दी गई।

## पीएमजीएसवाई की सड़कें एफआईआर तकनीक पर ही बनाई जाये : केशव



संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय। उन्होंने कहा कि तैयारी की जाए कि भविष्य में पीएमजीएसवाई की सड़कों को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ही बनाये,इस हेतु जो जरूरी औपचारिकताएं पूरी करनी हो शीघ्र पूरी की जांय। पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित रूप चेकिंग के निर्देश दिए हैं।उन्होंने निर्देश दिए कि एफडीआर तकनीक से काम करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक बुलाई जाय। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में देश में सबसे पहले उत्तर प्रदेश ने एफडीआर तकनीक का उपयोग किया है।

## स्कूलों में आज प्रात:10 बजे होगा ध्वजारोहण

संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। सरकारी संस्थाओं में 8.30 बजे और स्कूल व कॉलेजों में 10 बजे झंडारोहरण किया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जारी शासनादेश के मुताबिक ध्वजारोहण का समय प्रात:10 बजे तय है।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद राममय हो चुके प्रदेश में गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर भी योगी सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।